म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक / नियमन / समर्थन मूल्य / पार्ट / 1789   भोपाल, दिनांक 26 / 04 / 2019

प्रति,

भारसाधक / सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति म0प्र0 (समस्त)

विषयः—अधिसूचित कृषि उपजो की नीलामी के संबंध मे।

संदर्भः—कार्यालयीन आदेश क्रमांक / नियमन / रबी उपार्जन / पार्ट—4 / 1635—1636 दिनांक 3.4.2019

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित आदेश से कृषि उपज मण्डी प्रांगणो मे खुले घोष विक्रय से समर्थन मूल्य से कम पर बोली प्राप्त होने पर आवश्यकता अनुसार नीलामी को कुछ समय के लिये स्थगित कर पुनः आरम्भ किया जाने के निर्देश दिये गये है।

मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 36 के परन्तुक मे निम्नानुसार स्पष्ट प्रावधान है कि::—

36(3) परन्तु मण्डी—प्रांगण में ऐसी कृषि—उपज की, जिसके लिये कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन कीमत घोषित की गई है, कीमत उस कीमत से कम निर्धारित नहीं की जायेगी, जो इस प्रकार घोषित की गई है और मण्डी प्रांगण में कोई भी बोली इस प्रकार नियत की गई कीमत से कम पर प्रारम्भ नहीं होने दी जायेगी।

उपरोक्त स्पष्ट प्रावधान के होते हुए भी, कृषि उपज मंडियों मे नीलामी मे समर्थन मूल्य से कम विक्रय मूल्य प्राप्त होने के प्रकरण प्रकाश मे आ रहे है। इस संबंध मे विडियों कान्फ्रेस, समीक्षा बैठको में तथा समय—समय पर जारी परिपत्र / आदेश के माध्यम से भी अधिसूचित कृषि उपज की नीलामी न्यूनतम समर्थन मूल्य से ही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यापारियो के द्वारा गुटबंदी कर कृषको की कृषि उपज का मूल्य, कम लगाये जाने की स्थिति मे भी कार्यवाही के निर्देश जारी है।

पुनः आपको निर्देशित किया जाता है कि कृषि उपज मंडियो मे अधिसूचित कृषि उपज की नीलामी, न्यूनतम समर्थन मूल्य से ही प्रारम्भ की जाये। यदि व्यापारियो के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य लगाया जाता है तो कुछ देर के लिए नीलामी स्थगित कर पुनः नीलामी प्रारम्भ करने की कार्यवाही की जाये।

(फैज़ अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक सह—आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / नियमन / समर्थन मूल्य / पार्ट / 1770   भोपाल, दिनांक 26 / 04 / 2019

प्रतिलिपिः–

संयुक्त / उप संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / जबलपुर / सागर / रीवा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रबंध संचालक सह–आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल